हैं। दहेगांव तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा में श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। आयोजन में भक्तों का तांता

पोरवाल महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

ब्यूरो | कामठी/कन्हान. सेठ केसरीमल पोरवाल महाविद्यालय में संगणकशास्त्र विभाग, क्वीक हिल फाउंडेशन, पुणे तथा महाराष्ट्र साइबर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'साइबर सुरक्षा एवं युवा शक्ति' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। साइबर सेल, नागपुर के अजय पवार ने ऑनलाइन साइबर क्राइम से बचने, मोबाइल सुरक्षा, सोशल मीडिया का साइबर वर्ल्ड आदि विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मंच पर मुख्य अतिथि सुगंधा दानी, अजय पवार, प्राचार्य डा. विनय चव्हाण, डा. दीपक भावसागर तथा साइबर सुरक्षा अभियान के संयोजक डा. किशोर ढोले आदि उपस्थित थे। महाविद्यालय द्वारा आयोजित 'लर्न एंड अर्न' अभियान का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों के हाथों किया गया। सुगंधा दानी ने लड़कियों को सोशल मीडिया साइट से हैकर्स हमारा डेटा किस प्रकार से चुराते हैं व इससे बचने के उपाय आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। प्राचार्य चव्हाण ने सभी से सजग और सुरक्षित रहकर जनजागृति के लिए विविध शालाओं, महाविद्यालय स्तर पर साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। संचालन डा. किशोर ढोले ने तथा आभार डा. दीपक भावसागर ने माना। महाविद्यालय के उपप्राचार्य डा. मनीष चक्रवर्ती, डा. रेनु तिवारी, डा. शालिनी चहांदे, डा. राजेश पराते, प्रा. ज्योति सराथे, प्रा. शमा अंजुम सहित प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। सफलतार्थ प्रफुल धनविजय, व्यंकट, अरुण नायडू आदि ने प्रयास किया।

किया विरोध